Live हिन्दुस्तान .com

नेपाल से 2 लाख के नकली रुपये लेकर आ रहे युवक को SSB ने किशनगंज में दबोचा

किशनगंज, निज संवाददाता।

Last updated: Thu, 29 Mar 2018 09:30 PM

एसएसबी 12वीं बटालियन और डीआरआई पटना और पूर्णिया की टीम ने 2 लाख के नकली रुपये लेकर आ रहे युवक को गिरफ्तार किया है।

एसएसबी 12वीं बटालियन और डीआरआई पटना और पूर्णिया की टीम ने गुरुवार को दिघलबैंक के मध्य विद्यालय टप्पू हाट के समीप स्टेट हाईवे 99 से 1 लाख 99 हजार 500 रुपये के भारतीय जाली नोटों के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक अनवारूल हक बंगाल के शिवरामपुर चाकुलिया का रहने वाला है। युवक के पास से बीआरटूडी56007 नंबर की बाइक भी जब्त किया गया। जब्त भारतीय जाली नोटों में 2 हजार के 75 व पांच सौ के 99 नोट थे। एसएसबी के डिप्टी कमांडेंट कुमार सुन्दरम ने प्रेस वार्ता में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि किशनगंज में जाली नोटों की बड़ी डील होने वाली है।

दिघलबैंक के मध्य विद्यालय टप्पू के समीप स्टेट हाईवे 99 पर तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान युवक को जाली नोटो के साथ पकड़ा गया। जब्त जाली नोट को युवक अनवारुल हक ने नेपाल से लाया था। जिसे दिघलबैंक के बाजार में खपाया जाना था। सभी जाली नोट अलग-अलग सिरीज के थे। नोटों के रंग में फर्क था और नोटों के कागज की मोटाई असली नोट की तुलना में ज्यादा थी। एसएसबी के डिप्टी कमांडेंट श्री सुन्दरम ने बताया कि जाली नोटों का एक गिरोह सक्रिय है।

गिरोह के द्वारा नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में जाली नोटों को खपाया जाता है इसमें और भी कई लोग शामिल है। जिसके नामों का खुलासा एसएसबी की टीम ने नहीं किया। जानकारी के अनुसार आरोपी युवक अनवारुल हक पूर्व में भी जाली नोटों को दिघलबैंक व किशनगंज के बाजारों में खपा चुका है। पुलिस गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों का कॉल रिकार्ड खंगाल रही है। डीआरआई की टीम के अधिकारी ने बताया कि जब्त जाली नोटों को जांच के लिए नासिक प्रेस भेजा जायेगा। जहां असली नोटों की तुलना में जाली नोटों के फर्क का तुलनात्मक अध्ययन किया जायेगा।

Source: https://www.livehindustan.com/bihar/bhagalpur/story-bangal-resident-man-arrested-with-fake-indian-currency-of-two-lakhs-at-kishanganj-1876004.html